**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2557 का उत्तर**

**रेलवे के लिए सुपर ऐप शुरू करना**

**2557. श्री बी. के. पार्थसारथी:**
**श्री बस्तीपति नागराजू:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार की रेलवे के लिए एक सुपर ऐप शुरू करने की योजना है जो टिकट बुकिंग, ट्रेन ट्रैकिंग और रेलवे से संबंधित अन्य कार्यों सहित कई सेवाएं प्रदान करेगा;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उपभोक्ताओं को ऐप के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं का ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) उक्त ऐप को व्यावसायिक उपयोग के लिए कब तक लॉन्च किया जाएगा और इसे विकसित करने की लागत कितनी है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): भारतीय रेल द्वारा यात्री सेवाओं पर केंद्रित एक ऐप विकसित किया जा रहा है। यात्री एक ही ऐप के जरिए अनारक्षित टिकट खरीदने, शिकायत दर्ज करने, रेलगाड़ी की उपलब्धता जानने और कई अन्य कार्य करने में सक्षम होंगे।**

*********

SK